# डे-नाईट फुटबॉल प्रतियोगिता में मॉर्निंग फुटबॉल क्लब और मेवाड़ यूनिवर्सिटी ने जीते मैच

**निम्बाहेड़ा, 19 मार्च (जसं.)** । नगर पालिका एवं मॉर्निंग फुटबॉल क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नगर के जनता मैदान पर आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता लगातार जारी है।

इस प्रतियोगिता के चौथे दिन मॉर्निंग फुटबॉल क्लब निम्बाहेड़ा और मॉर्निंग फुटबॉल क्लब निम्बाहेड़ा के बीच खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में राज्य के सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के विशेष प्रतिनिधि एवं जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना ने बतौर मुख्य अतिथि एवं निम्बाहेड़ा उपखण्ड अधिकारी रमेश सीरवी, पुलिस उप अधीक्षक आशीष कुमार चौधरी, नगर पलिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा, सदर थाना सीआई वीरेंद्र सिंह धाकड़, पार्षद मनोज पारख, वक्फ सदर व पार्षद सलीम



चाचा, भानु प्रताप सिंह आदि ने बतौर वशिष्ठ अतिथि के रुप में शामिल हुए। चौथे दिन इस प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला मॉर्निंग फुटबॉल क्लब निम्बाहेड़ा और मॉर्निंग फुटबॉल क्लब निम्बाहेड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें मॉर्निंग फुटबॉल क्लब निम्बाहेड़ा की टीम ने 2-0 से विजय प्राप्त की। इस मैच के दौरान पहला गोल मॉर्निंग फुटबॉल क्लब निम्बाहेड़ा टीम के उमर जजाई ने व दूसरा गोल शाहरुख खान ने किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार और विजयवीर क्लब कुन्हाड़ी टीम के मध्य खेला गया। जिसमें मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार चित्तौड़गढ़ की टीम 2-0 से विजय रही। जिसमें दोनों गोल युवर्सिटी टीम के एम याकूब ने किए। मैच के निर्णायक कालू अहीर, रईस खान, लोकेश बुनकर, सोहन मेघवाल, सूरज मीणा और जगदीश समदानी रहे। जिला फुटबॉल संघ सचिव व सोकर सिटी संचालक मोहम्मद हुसैन उर्फ मम्मा ने संचालन किया। इस अवसर पर मॉर्निंग क्लब अध्यक्ष मोहम्मद कुरेशी, यूनाइटेड क्लब के अध्यक्ष रोमी पोरवाल, डीएफए जॉइंट सेकेट्री शमशु कमर, पार्षद राधाकिशन गवारिया, मोर्निंग क्लब सचिव इफ्तेखार अहमद उर्फ पातीं, कोषाध्यक्ष डॉ.समीर खान, टीम मेनेजर भैय्या भाई कुरेशी आदि ने अतिथियों का साफा पहनाकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

Jannayak 20-03-2023

# मॉर्निंग क्लब निम्बाहेड़ा बना विजेता

**निम्बाहेड़ा।** नगर पालिका एवं मॉर्निंग फुटबॉल क्लब निम्बाहेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय डे-नाइट फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मॉर्निंग क्लब निम्बाहेड़ा ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी चित्तौड़गढ़ को 2-1 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया। मॉर्निंग क्लब की ओर से सिद्धार्थ कुमारऔर अमन बाबू ने गोल किए, वहीं यूनिवर्सिटी की ओर से पेनल्टी में अहमद अरिफ अब्बास ने गोल किया। मॉर्निंग क्लब के शाहरुख खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मुकाबले में नगर पालिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा, उपखण्ड अधिकारी रमेश सिरवी, पालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद, पार्षद मनोज पारख, मुकेश पारख, आरव आंजना, यूनिवर्सिटी के उप कुलपति प्रोफेसर डॉ. आलोक मिश्रा, सुजाता मिश्रा, महावीर विराणी आदि ने बतौर अतिथि शिरकत कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मॉर्निंग क्लब अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, यूनाइटेड क्लब अध्यक्ष रोमी पोरवाल, डीएफए सहसचिव शमशु कमर, पार्षद राधाकिशन गवारिया, हिन्द क्लब अध्यक्ष विशाल वर्मा, अभय, कमल अहीर, लोकेश बुनकर, रईस खान, मोहम्मद हुसैन उर्फ मम्मा, इफ्तेखार अहमद उर्फ पाती, भैया कुरैशी, डॉ. समीर खान, शोएब खान, सोहैल खान, फिरोज कुरैशी, यूनुस खान, असलम उर्फ राजा आदि उपस्थित थे।

Dainik Navajyoti 21-03-2023

# मॉर्निंग फुटबॉल क्लब ने जीती डे-नाईट फुटबॉल प्रतियोगिता

**निम्बाहेड़ा, 20 मार्च (नसं.)।** स्थानीय नगर पालिका एवं मॉर्निंग फुटबॉल क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नगर के जनता मैदान पर आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय डे-नाईट फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को मॉर्निंग क्लब एवं मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार के मध्य खेला गया, जिसमें मॉर्निंग फुटबॉल क्लब 2.1 गोल से ख़िताब पर कब्जा जमाया।

जानकारी के अनुसार मॉर्निंग क्लब की ओर से प्रथम गोल सिद्धार्थ कुमार ने और दूसरा गोल अमन बाबू ने किया। मेवाड़ यूनिवर्सिटी की टीम की और से पेनल्टी किक में गोल अहमद अरिफ अब्बास ने किया। मॉर्निंग क्लब के शाहरुख खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मुकाबले में नगर पालिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा, उपखण्ड अधिकारी रमेश सिरवी, पालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद,



पार्षद मनोज पारख, जकि अहमद, मुकेश पारख, आरव आंजना, मेवाड़ यूनिवर्सिटी के उप कुलपति प्रोफेसर डॉ. आलोक मिश्रा, सुजाता मिश्रा, महावीर विराणी आदि अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मोर्निंग क्लब अध्यक्ष मोहम्मद कुरेशी, युनाइटेड क्लब अध्यक्ष रोमी पोरवाल, डीएफए सहसचिव शमशु कमर, पार्षद राधाकिशन गवारिया, हिन्द क्लब अध्यक्ष विशाल वर्मा, अभय आदि सहित मॉर्निंग क्लब के पदाधिकारियों ने अतिथियों काल मेवाडी पगड़ी व उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। फाइनल मुकाबले में निर्णायक के रुप में कमल अहीर, लोकेश बुनकर और रईस खान उपस्थित थे। संचालन पूर्व जिला फुटबॉल संघ सचिव मोहम्मद हुसैन उर्फ मम्मा ने किया। इस मौके पर कोच इफ्तेखार अहमद, भैया भाई कुरेशी, कोषाध्यक्ष डॉ. समीर खान, शोएब खान, सोहैल खान, फिरोज कुरेशी, यूनुस, असलम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

Janmayak 21-03-2023

# राज्य स्तरीय डे-नाईट प्रतियोगिता का हुआ समापन

पत्रिका स्पोर्ट्स कॉर्नर

**निम्बाहेड़ा.** नगरपालिका व मॉर्निंग फुटबॉल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जनता मैदान पर आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय डे-नाईट फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर एसडीएम रमेश सीरवी, पालिकाध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा, उपाध्यक्ष परवेज अहमद, पार्षद मनोज पारख, जकि अहमद, मुकेश पारख, आरव आंजना, मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डॉ. आलोक मिश्रा, सुजाता मिश्रा, महावीर विराणी ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाडियों के परिचय प्राप्त का प्रतियोगिता शुरू की। फाइनल मॉर्निंग क्लब निम्बाहेड़ा व मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार के मध्य खेला गया, जिसमें मॉर्निंग क्लब ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी को 2 - 1 गोल से विजय रही। वहीं मैन ऑफ द मैच का खिताब मॉर्निंग क्लब के शाहरुख खान ने अपने नाम पर दर्ज किया। अतिथियों द्वारा विजेता व उप विजेता टीमो को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक की भूमिका, कमल अहीर, लोकेश बुनकर व रईस खान ने निभाई। मोर्निंग क्लब अध्यक्ष मोहम्मद कुरेशी, यूनाइटेड क्लब अध्यक्ष रोमी पोरवाल, शमशु कमर, पार्षद राधाकिशन गवारिया, हिन्द क्लब अध्यक्ष विशाल वर्मा, अभय, कोच इफ्तेखार अहमद उर्फ पातीं, टीम मैनेजर भैया कुरेशी, कोषाध्यक्ष डॉ. समीर खान, शोएब खान, सोहैल खान, फ़िरोज कुरेशी, युनूस , असलम उपस्थित थे।

Rajasthan Patrika 21-03-2023